(A) प्रस्ताव प्रस्तुत करने की अनुमति प्रश्नों के बाद और उस दिन की कार्य सूची का कार्य प्रारंभ करने के पूर्व माँगनी होगी।
(B) अनुमति माँगने वाले सदस्य को उस दिन की बैठक प्रारंभ होने से पहले सचिव के पास, उस प्रस्ताव की, जिसे वह प्रस्तुत करना चाहे लिखित सूचना देनी होगी।
(C) प्रस्ताव समग्र सदस्य संख्या के कम से कम दसवें भाग से समर्थित होना चाहिए।
सही उत्तर हैः
(a) (A) और (B) (b) (A), (B) और (C)
(c) (B) और (C) (d) (A) और (C)

RPSC College Lecturer 31-10-2018

Ans. (a) : राजस्थान विधानसभा के प्रक्रिया तथा कार्य संचालन संबंधी नियम के अनुसार विधानसभा में मंत्री परिषद् में अविश्वास प्रस्ताव प्रस्तुत करने की अनुमति प्रश्नों के बाद और उस दिन की कार्य सूची का कार्य प्रारंभ करने के पूर्व माँगनी होती है तथा अनुमति माँगने वाले सदस्य को दस दिन की बैठक प्रारंभ होने से पहले सचिव के पास प्रस्ताव की लिखित सूचना देनी होती है।

77. निम्नांकित में से कौन राजस्थान के मुख्यमंत्री एवं उपमुख्यमंत्री के पद पर रहे हैं?
(a) मोहन लाल सुखाड़िया (b) टीकाराम पालीवाल
(c) हरिदेव जोशी (d) अशोक गहलोत

सहायक अग्निशमन अधिकारी (एएफओ) -2021
RPSC College Lecturer 31-10-2018

Ans. (b) : टीकाराम पालीवाल राजस्थान के मुख्यमंत्री एवं उपमुख्यमंत्री दोनों पदो पर कार्य किये। राजस्थान के प्रथम मुख्यमंत्री हीरालाल शास्त्री थे। वर्तमान में राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत तथा उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट है।

78. निम्नलिखित में से राजस्थान के कौन से मुख्यमंत्री, मुख्यमंत्री बनने से पूर्व किसी भी मंत्री परिषद् में मंत्री नहीं रहे हैं?
(a) जयनारायण व्यास (b) बरकतुल्लाह खान
(c) मोहनलाल सुखड़िया (d) भैरोंसिंह शेवावत
सही उत्तर हैः
(1) (A) और (B) (2) (A) और (D)
(3) (C) और (D) (4) (B) और (D)

RPSC College Lecturer 31-10-2018

Ans. (b) : राजस्थान के जयनारायण व्यास एवं भैरोसिंह शेखावत मुख्यमंत्री बनने से पूर्व किसी भी मंत्री परिषद में मंत्री नहीं थे। जयनारायण व्यास वर्ष 1951 से 1952 ई. एवं 1952 से 1954 ई. तक राजस्थान के मुख्यमंत्री रहे जबकि भैरोसिंह शेखावत 1977 से 1980 ई. तक, 1990 से 1992 तक तथा 1993 ई. से 1998 ई. तक राजस्थान के मुख्यमंत्री रहे। जयनारायण दो बार तथा भैरोसिंह शेखावत तीन बार मुख्यमंत्री पद पर कार्य किये।

79. निम्नांकित में से कौन सा युग्म सही सुमेलित नहीं हैं?

	मुख्यमंत्री	**मुख्य सचिव**
(a)	मोहनलाल सुखडिया	- के.पी.यू. मेनन
(b)	बरकतुल्लाह खान	- आर.डी. माथुर
(c)	शिवचरण माथुर	- मदन मोहन कुष्णवली
(d)	भैरोंसिंह शेखावत	- टी.वी. रमणन

RPSC College Lecturer 31-10-2018

Ans. (b) : सही सुमेलित है।

मुख्यमंत्री		**मुख्य सचिव**
मोहनलाल सुखडिया	-	के.पी.यू. मेनन
मोहनलाल सुखडिया	-	आर.डी. माथुर
बरकतुल्लाह खान	-	सुन्दर लाल खुराना
शिवचरण माथुर	-	मदन मोहन कुष्णवली
भैरोंसिंह शेखावत	-	टी.वी. रमणन

80. निम्नांकित में से किस मुख्यमंत्री के त्यागपत्र देने के पश्चात् बरकतुल्लाह खान को राजस्थान का मुख्यमंत्री नियुक्त किया गया?
(a) टीका राम पालीवाल (b) मोहनलाल सखाड़िया
(c) शिवचरण माथुर (d) हरिदेव जोशी

RPSC SI 03-09-2021

Ans. (b) : बरकतुल्लाह खान 9 जुलाई 1971-11 अक्टूबर 1973 तक राजस्थान के मुख्यमंत्री रहे हैं। मोहनलाल सुखाड़िया (26 अप्रैल 1967-9 जुलाई 1971) के त्यागपत्र देने के बाद बरकतुल्लाह खान मुख्यमंत्री बने थे।

81. राजस्थान के प्रथम निर्वाचित मुख्यमंत्री कौन थे?
(a) हीरालाल शास्त्री
(b) मोहनलाल सुखाड़िया
(c) टीकाराम पालीवाल
(d) हरीदेव जोशी

उद्योग निरीक्षक भर्ती परीक्षा- 2018 (24 जून, 2018)

Ans. (c) – राजस्थान के प्रथम निर्वाचित मुख्यमंत्री टीकाराम पालीवाल थे, जो 3 मार्च, 1952 को राजस्थान के मुख्य मंत्री बने इनका कार्यकाल मात्र 8 माह था। ये राजस्थान के चौथे मुख्यमंत्री थे। ये वर्ष 1952 में राजस्थान के दौसा जिले की महवा विधान सभा से निर्वाचित होकर विधान सभा पहुँचे थे।

82. निम्न में से राजस्थान राज्य के किस मुख्यमंत्री का कार्यकाल सबसे कम अवधि का रहा है?
(a) श्री जगन्नाथ पहाड़िया
(b) श्री हरिदेव जोशी
(c) श्री हीरालाल देवपुरा
(d) श्री बरकतुल्ला खाँ

उद्योग निरीक्षक भर्ती परीक्षा- 2018 (24 जून, 2018)

Ans. (c) – राजस्थान राज्य के मुख्यमंत्री श्री हीरालाल देवपुरा का कार्यकाल सबसे कम अवधि तक रहा है। इनका कार्यकाल 23 फरवरी 1985 से 10 मार्च 1985 तक मात्र 15 दिनों तक रहा। जबकि जगन्नाथ पहाड़िया 1980-81, हरिदेव जोशी 1973-1977 तथा बरकतुल्ला खाँ 1971-73 तक मुख्यमंत्री पद रहे हैं।

83. निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प राजस्थान के मुख्यमंत्रियों के कार्यकाल का कालक्रमानुसार सही क्रम है?
(a) शिवचरण माथुर-जगन्नाथ पहाड़िया-भैंरोसिंह शेखावत-हरिदेव जोशी
(b) जगन्नाथ पहाड़िया-भैंरोसिंह शेखावत-शिवरण माथुर-हरिदेव जोशी
(c) शिवरण माथुर-हरिदेव जोशी-जगन्नाथ पहाड़िया-भैंरोसिंह शेखावत
(d) हरिदेव जोशी-भैंरोसिंह शेखावत-जगन्नाथ पहाड़िया-शिवचरण माथुर

पटवार 2020 (24 अक्टूबर, 2021) Shift-III